# स्वर्ण दिल्ली
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 12, अंक 243 नई दिल्ली
मंगलवार, 08 अक्टूबर 2024, पृष्ठः 8 मूल्यः 5 रुपये


## दिल्ली में चुनाव से पहले भाजपा की बड़ी घोषणा

# संविदाकर्मियों को करेंगे पक्का; बिजली-पानी पर मिलती रहेगी सब्सिडी

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली भाजपा ने बड़ी घोषणा की है। पार्टी ने कहा है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है और पहली ही कैबिनेट दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में काम करने वाले अस्थायी कर्मचारी, अतिथि शिक्षक, मार्शल, होमगार्ड समेत अन्य कर्मियों को नियमित करने का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही बिजली, पानी पर सब्सिडी का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व में चल रही सभी योजनाएं चलती रहेगी। किसी भी योजना को बंद नहीं किया जाएगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा मुकंदपुर में उपराज्यपाल द्वारा बिजली का कनेक्शन लेने के लिए डीडीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की बाध्यता को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद देने के लिए रैली में मौजूद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।



इस दौरान सचदेवा ने कहा कि भाजपा ने उपराज्यपाल से मिलकर मार्शलों के मुद्दे का समाधान कराया है। जब भाजपा की सरकार बनेगी तो दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में काम करने वाले अस्थायी कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्हें पक्की नौकरी देने का निर्णय भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में लिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री भाजपा का ही कार्यकर्ता बनेगा। पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी यही बात दोहराई। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों को गुमराह करती है कि भाजपा की सरकार आएगी तो योजनाओं को बंद कर देगी उन्होंने कहा कि कोई भी योजना बंद नहीं होगी। जैसे मदनलाल खुराना द्वारा शुरू की गई वृद्धावस्था पेंशन अभी तक चल रही है ऐसे ही बाकि योजनाएं चलती रहेगी।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिजली के मीटर के लगवाने के लिए आ रही समस्या का पता चला था। इसके बाद केंद्र सरकार में और उपराज्यपाल से बात की गई तो समस्या का समाधान हो गया है। नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली की सरकार बिजली के बिल पर कई तरह के टैक्स लगाकर जनता को लूट कर रही है जबकि दावा सस्ती बिजली देने का करती है। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा 25-50 गज के मकानों पर आप सरकार जनता को बिजली पानी के नाम पर लूट रही है जबकि लाखों रुपये के बिजली और पानी के बिल आ रहे हैं।

# चुनाव से पहले ठीक होंगी दिल्ली की खस्ताहाल सड़कें: सीएम आतिशी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की खराब सड़कों को लेकर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि जब मैं जेल गया था, तब इन लोगों ने सरकार के काम रोकने में कोई कसर नही छोड़ी। सड़कों की मरम्मत तक रोक दी थी। हमारे लोगों ने सड़कों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है।

उन्होंने कहा कि हमने देखा कि सड़कों की हालत ठीक नहीं थी। मैंने आतिशी से अनुरोध किया था कि वे विधायकों और मंत्रियों के साथ सड़कों का निरीक्षण करें और जो भी सड़क खराब है उसे तुरंत ठीक करवाएं। मैंने इस संबंध में उन्हें एक पत्र भी लिखा था। मुझे खुशी है कि इस संबंध में दिल्ली के सभी विधायकों, नेताओं और मंत्रियों ने सड़कों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की और मरम्मत का काम भी शुरू हो गया है।

मुख्यमंत्री आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार ने सड़कों की मरम्मत शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी के पास 1400 किलोमीटर सड़कें है। 89 सड़कों को पूरी तरह ठीक किया जाएगा। 74 सड़कों का टेंडर हो गया है। 15 सड़कों का टेंडर चल रहा है। पैच वर्क के लिए काम किया जाना है। कई जगह गड्ढे हैं, उनका भी निरीक्षण किया गया है। न्यू रोहतक रोड पर आज के दिन सबसे खराब हालत है। सड़क बहुत टूटी है। यहां एक नया नाला बनाया जा रहा है। आने वाले समय में यहां की भी सड़कें ठीक हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को करीब 10 साल पूरे हो गए हैं। हमने जनता के लिए सभी काम करने की कोशिश की है। मगर इन लोगों ने बहुत बाधा पहुंचाई है। इन्होंने अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में दवाईयां बंद कर दी हैं। आप के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा के यहां ED की छापेमारी पर केजरीवाल ने कहा कि ये भ्रष्टाचार पर नहीं, आप के लोगों को परेशान करने के लिए है। मोदी जी ने हमारे और हमारे सभी लोगों के पीछे ईडी और सीबीआई को लगा रखा है। यह तो ऐसे ही सरकार को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं।













RNI No. DELHIN/2013/48040 | संपादकः सुषमा शर्मा | newsswarnadelhi@gmail.com

## सम्पादक की कलम से



### नक्सलियों का सफाया, केंद्र और राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**छत्तीसगढ़** के अबूझमाड़ इलाके में 30 से अधिक नक्सलियों को मार गिराने में मिली सफलता इसका परिचायक है कि केंद्र और राज्य सरकार नक्सली संगठनों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता का परिचय इससे मिलता है कि छत्तीसगढ़ में इस वर्ष अब तक 180 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं। यह संख्या इसलिए उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्षों में दो सौ के करीब ही नक्सली मारे जा सके। इससे पता चलता है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से नक्सलियों के खिलाफ कहीं अधिक सख्ती का परिचय दिया जा रहा है। वैसे तो पिछली कांग्रेस सरकार भी नक्सलियों के खिलाफ सक्रिय थी, लेकिन वह अक्सर ढुलमुल नजर आती थी और वह भी तब, जब नक्सलियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को निशाना बनाया था। यदि नक्सलियों से निपटना है तो उनके प्रति सख्त रवैया अपनाना होगा और उन्हें यह संदेश भी देना होगा कि वे बंदूक के बल पर व्यवस्था परिवर्तन करने और संविधान एवं लोकतंत्र खत्म करने का मुगालता छोड़ दें। चूंकि नक्सली बार-बार के आग्रह के बाद भी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने से इन्कार कर रहे हैं, इसलिए उनका दमन करने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं। नक्सली नेता और उनके समर्थक भले ही यह झूठा प्रचार करें कि नक्सली संगठन गरीब आदिवासियों के हितों के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन सच यह है कि वे आतंक के बल पर उगाही करने वाले गिरोह में तब्दील हो गए हैं। तथ्य यह भी है कि वे जिन आदिवासियों के हितैषी होने का दिखावा करते हैं, उन्हें ही विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित करने का कुचक्र रचते हैं। वास्तव में वे निर्धन आदिवासियों के सबसे बड़े शोषक हैं। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से नक्सली संगठनों के खिलाफ जो सख्ती दिखाई गई है, उसके चलते एक बड़ी हद तक उनकी कमर टूटी है। इतना ही नहीं, उनके दायरे को सीमित करने में भी सफलता मिली है। उन्हें पूरी तरह निष्प्रभावी करने का अभियान चलते रहना चाहिए, क्योंकि अतीत में यह देखने में आ चुका है कि सुरक्षा बलों के दबाव के चलते वे कुछ समय के लिए निष्क्रिय होकर फिर से अपनी ताकत जुटा लेते हैं। अब उन्हें फिर से संगठित और ताकतवर होने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। इसके लिए यह आवश्यक है कि छत्तीसगढ़ की तरह उसके पड़ोसी राज्य भी नक्सलियों का खात्मा करने के लिए कमर कसें और केंद्र सरकार के साथ पूरा सहयोग करें। ऐसा करके ही मार्च २०२६ तक नक्सलियों का सफाया करने के लक्ष्य को पाया जा सकता है। अब जब नक्सलियों की ताकत घटती जा रही है, तब यह देखने की भी जरूरत है कि उन्हें आधुनिक हथियार कहां से मिल रहे हैं? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गत दिवस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के पास से एके-47 जैसे हथियार मिले हैं।

सुषमा शर्मा

# कांग्रेस और सपा के बीच सीट बंटवारे की खींचतान क्या होगा भविष्य ?



**यूपी** में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच उपचुनावों को लेकर चल रही वार्ता में खटास बढ़ती जा रही है। आने वाले उपचुनावों में 10 सीटों पर चुनाव होना है, और दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर असहमति नजर आ रही है। कांग्रेस, जो इस बार 5 सीटें मांग रही है, सपा के साथ एक ठोस गठबंधन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। वहीं, सपा सिर्फ 1 से 2 सीटें देने पर ही सहमत है। कांग्रेस की मांग की गई सीटों में मिर्जापुर की मझवा, प्रयागराज की फूलपुर, गाजियाबाद, खैर और मीरापुर शामिल हैं। हालांकि, सपा इस मांग को लेकर साफ स्थिति में नहीं है, जिससे दोनों दलों के बीच बातचीत और अधिक जटिल हो गई है। इस स्थिति को भांपते हुए, कांग्रेस ने सभी 10 सीटों पर प्रभारी और पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं, जो संबंधित सीटों पर सम्मेलन कर रहे हैं। इन सम्मेलनों के माध्यम से कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय करने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस का यह दृष्टिकोण 50-50 फॉर्मूले पर आधारित है। पार्टी का मानना है कि जिन 10 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें से 5 सीटें पिछली बार भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने जीती थीं और उन पर सपा का प्रभाव कम है। इसलिए, कांग्रेस का तर्क है कि उन्हें एनडीए वाली सीटें मिलनी चाहिए, जबकि सपा को अपनी पुरानी 5 सीटों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह एक तरह का प्रयोग है, जिससे कांग्रेस आगामी 2027 विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति को मजबूत करना चाहती है। अगर कांग्रेस इस बार 5 सीटें हासिल करने में सफल रहती है, तो इसका असर भविष्य के चुनावों में भी देखने को मिल सकता है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हाल ही में कहा था कि पार्टी केवल उन सीटों पर बात करना चाहती है जहां पिछले चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों को जीत मिली थी। उनके अनुसार, जिन सीटों पर सपा ने सफलता पाई थी, वहां कांग्रेस के कार्यकर्ता सपा का साथ देंगे, जबकि भाजपा के मजबूत क्षेत्रों में वे खुद मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। यह स्थिति सपा के लिए असहज हो रही है, क्योंकि यदि वे कांग्रेस को अधिक सीटें देती हैं, तो इसका मतलब होगा कि वे अपने जनाधार को कम कर रहे हैं।

2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था, जिसे 'दो लड़कों' की जोड़ी के रूप में प्रस्तुत किया गया था। उस चुनाव में सपा ने 298 सीटों पर और कांग्रेस ने 105 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। उसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में भी इन दोनों दलों ने साथ में चुनाव लड़ा, जिसमें सपा ने 63 और कांग्रेस ने 17 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। इस चुनाव में सपा ने 37 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीतकर भाजपा को कड़ी चुनौती दी थी।

हालांकि, अब सपा एक बार फिर से वैसी ही स्थिति में जाने से बचना चाहती है, जहां उन्हें कांग्रेस को अधिक सीटें देने की मजबूरी झेलनी पड़े। इसके बजाय, सपा अधिकतम 1-2 सीटें देने का पक्षधर है, ताकि उनकी खुद की स्थिति मजबूत बनी रहे। कांग्रेस इस बार समर्पण के साथ अपने लिए अधिक सीटें मांग रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह भविष्य की चुनावी राजनीति में अपनी स्थिति को मज़बूत करने के लिए गंभीर है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर कांग्रेस इस बार अपने लिए 5 सीटें हासिल कर लेती है, तो यह आने वाले विधानसभा चुनावों में उनकी स्थिति को मजबूत कर सकता है। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और वे 2027 के चुनावों में 403 सीटों वाली विधानसभा में कम से कम 200 सीटों पर दावेदारी ठोकने की स्थिति में आ जाएंगे।

इस विवादित स्थिति में, जहां दोनों दलों के बीच तालमेल की कमी है, यह देखना होगा कि आखिरकार यह खींचतान किस दिशा में जाएगी। क्या सपा अपने जनाधार को बचाने में सफल होगी या कांग्रेस अपनी मांगों को मनवाने में कामयाब होगी, यह भविष्य में तय होगा। यूपी की राजनीति में यह एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है, जो आगे चलकर दोनों दलों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार

**बढ़ती** जनसंख्या और घटती वनइ्संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटेइ्छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कमइ्सेइ्कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरणइ्पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटेइ्छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे।

दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कमइ्सेइ्कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कमइ्सेइ्कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी।

यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020इ्21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजनइ्पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजनइ्पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं।

Design Your Dream Attire

Invitin.g Shopperr's

- Couture, Clothing & Designer Fabrics
- Rental Wedding, Lehengas, & Gowns
- Exclusive Nail Art
- Designer Mehandi
- Cosmetics

B-20/11, Double Storey, Ramesh Nagar, Delhi | Mob.: 9911294429, 011-45294429

SINCE 1975
KARAN'S
VAISHNO DHABA
MOUTH WATERING CUISINES
Lunch: 11:30am to 4.00pm * Dinner: 7.00pm to 11.00 pm
Food Without Onion & Garlics On Every Navratra
Note:
Please allow extra time for delivery on Suturday, Sunday and Holiday
Rates are subject to change without prior notice
Minimum delivery time 30 min. to 45min
All the items may not be available at all the time
Home delevery charged rs. 20. - within 1km





Home Delevery
8700965740,
9871558873,
9212598873
Spl. In Outdoor Catering

P
S.B. Malik (Jaggu Ji)
9311906362
011-41421363
rince Realtech & Developers



SALE
PURCHASE
RENTING
COLLABORATION
AGRICULTURE LAND
FARM LAND
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL
B-121AC, Mansarover Garden,
New Delhi-110015

We Positive Care
We Positive Care
Chitragupt Foundation
C186 A, 4th floor hari nagar
clock tower, Pincode 110064

Punnu Biriyani
M:- 093134 07108
punnubiriyani.com
Free Home Delivery
011-25119013,
41447298,
25446671









(Jhatka Used Here)
Note- For Franchise Inquiry, call- 9313407108
DDA LIG Market, Near Cambridge Foundation School,
Rajouri Garden, New Delhi, Delhi 110027
Takeout / Delivery Open Closes 23:30


श्री राधे
श्री गणेशाय: नम:
श्री राधिका ज्योतिष शोध संस्थान



ज्योतिष, वास्तु अंक विद्या, हस्त रेखा व लाल किताब, पीली किताब द्वारा सभी समस्याओं का समाधान
शादी या सन्तान नही होना, नौकरी नही लगना, व्यापार नही चलना शारीरिक परेशानी या गृह कलेश रहना व अजीब घटनाओं का घटना
आपकी कुण्डली में घटित मांगलिक दोष, ग्रहण दोष व काल सर्प दोष व अन्य सभी दोषों के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
सभी प्रकार के वैदिक अनुष्ठानों के लिए सम्पर्क करें।
Pt. S.K. Sharma, Vedic Astrolger n Healer!

Thirak Fitness Classes
Be Healthy
Learn YOGA







• Yoga with Zumba
• Exercise
• Dumble Exercise
• Stepper Exercise
• Abs Workout
• Meditation
• Pranayam
WEDDING CHOREOGRAPHY & EVENT MANAGEMENT WORKSHOP
Venue : 7/89, Ramesh Nagar
Contact : Mrs. EKTA ABROL
Mob:- 9899900178



फीजियोथिरेपी सेन्टर
आधुनिक मशीनों से युक्त व कुशल डॉक्टर की देख रेख में चल रहा है।
समय: प्रात 9 बजे से 12 बजे तक एवं
सायं 5 बजे से 7 बजे तक
रविवार अवकाश
कीर्ति नगर श्री सनातन धर्म सभा (पंजी.)
गीता भवन, कीर्ति नगर, नई दिल्ली- 110015

# रोज एक घंटा बंद रहेगी एमसीडी की वेबसाइट
# जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने में होगी परेशानी



**नई दिल्ली।** एमसीडी की जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की वेबसाइट (https://mcdonline. nic.in/rbd/web/citizen/info) प्रतिदिन एक घंटा बंद रहेगी। निगम के अनुसार 2022 में हुए निगम के एकीकरण के बाद पूर्वकालिक तीनों निगमों के डाटा को एक ही पोर्टल पर समाहित किया जा रहा है।

इसके लिए वेबसाइट को अगली सूचना तक रात 11 से 12 बजे तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान वेबसाइट पर लॉगिन नहीं हो सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि वेबसाइट पर अभी भी पुराना डाटा नहीं आता था। इससे जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र डाउनलोड करने के लिए लोग परेशान होते थे।

इसे देखते हुए वेबसाइट पर पूरा डाटा रहे और नागरिकों को परेशानी न हो इसके लिए वेबसाइट पर डाटा सही किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में दिल्ली नगर निगम के तीन हिस्से किए गए थे। इसमें उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी निगम बनाया गया था।

वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने फिर इसे दिल्ली नगर निगम का रूप दे दिया। तीन हिस्से करने के दौरान तीनों निगमों ने अलग-अलग अपनी वेबसाइट बना ली थी। इसके बाद से 2012 से लेकर 2022 तक का डाटा अलग-अलग सर्वर और वेबसाइट पर था। इसकी वजह से लोगों के रिकॉर्ड इस पर दिखाई नहीं दे रहे थे। जिसकी वजह से लगातार निगम डाटा को सुधारने का कार्य कर रहा है।

निगम ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया को करीब तीन वर्ष पहले ही पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया था। चाहे नए जन्म और मृत्यु पंजीकरण हो या इनमें किसी भी प्रकार का संशोधन हो यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है।

बीते वर्ष 2.71 लाख के करीब जन्म पंजीकरण हुए थे जबकि 97,244 मृत्यु पंजीकरण अकेले एमसीडी इलाके में हुए थे। दिल्ली में प्रमुख तौर पर तीन स्थानीय निकाय है। इसमें एमसीडी सबसे बड़ा निकाय है। एमसीडी के बाद नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और फिर दिल्ली कैंट बोर्ड है।







## दिल्लीवासियों को इस पूरे हफ्ते करना पड़ेगा भीषण गर्मी का सामना

**नई दिल्ली।** दिन भर निकलने वाली तेज धूप और उमस भरी गर्मी के चलते इस पूरे सप्ताह दिल्ली का तापमान सामान्य से अधिक ही रहेगा। इसका मतलब यह है कि इस महीने की शुरुआत में गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं लग रही है। इस बीच रविवार को भी सुबह ही धूप निकल गई थी। दिन चढ़ने के साथ साथ यह और तीखी होती गई। इसके चलते अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 35.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 90 से 37 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह दिन के समय रोजाना ही तेज धूप निकली रहेगी। इसी वजह से अधिकतम तापमान भी 35 से 36 डिग्री के बीच जबकि न्यूनतम 24 से 25 डिग्री सेल्सियस तापमान बना रहेगा।









# ससुराल वालों को बताया गर्भवती हूं, फिर सूनी गोद भरने के लिए चुराई बच्ची



**बाहरी दिल्ली।** खुद की सूनी गोद भरने के लिए एक महिला ने दो वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया। विजय विहार पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली, कई टीम गठित कर तुरंत छानबीन शुरू कर दी। 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को आरोपित महिला का सुराग मिला।

जैसे ही महिला बच्ची को लेकर उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर भागने वाली ही थी, इससे पहले पुलिस ने आरोपित महिला को दबोच लिया। इसके कब्जे से बच्ची को सुरक्षित बरामद कर उसके मां-बाप को सौंप दिया। आरोपित ने बच्ची को कुरकुरे के पैकेट का लालच देकर अगवा किया था। वह बच्ची को लेकर अपने एक परिचित के घर आ गई थी। उसने बच्ची को अगवा करने से काफी समय पहले ही ससुराल वालों को बता दिया था कि वह प्रेग्नेंट है।

आरोपित महिला की पहचान निर्जला देवी उर्फ प्रीति के रूप में हुई है। जो कुछ समय से विजय विहार फेज-2 में रहती थी। जानकारी के मुताबिक बीते शनिवार को विजय विहार में रहने वाले मोहम्मद कमरुल हक विजय विहार थाना पहुंच अपनी दो साल की बच्ची के लापता होने की जानकारी दी।

पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर, बच्ची को ढूढने के लिए आनन-फानन में कई टीम बनाई। पीड़ित के घर के आसपास सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में पुलिस की कई टीम जुट गई। इस दौरान एक फुटेज में महिला बच्ची को अपने साथ ले जाती दिखी।

महिला के जाने के दिशा में पुलिस ने एक के बाद एक करीब 300 कैमरे खंगाले। जिसके बाद महिला का सुराग मिल सका। जिसके बाद पुलिस ने रोहिणी सेक्टर-5 के पास से महिला को पकड़ लिया। इसकी निशानदेही पर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

पुलिस पूछताछ में महिला ने उसका मायका बिहार के पटना में है। वर्ष 2017 में उसकी शादी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में हुई थी। सात वर्ष बाद भी कोई संतान न होने की वजह से ससुराल वाले उसे ताना मारते थे। उसे बांझ बुलाते थे। जिससे वह काफी परेशान चल रही थी। काफी इलाज भी कराया, लेकिन संतान की प्राप्ति नहीं हो सकी।

ऐसे में उसने एक बच्ची को अगवा कर खुद की बेटी बनाने की ठानी। ताकि वह ससुराल में बोल सके कि वह अब मां बन चुकी है। इस प्लातन के तहत वह सुसराल से यह कहकर दिल्ली आ गई कि वह पटना स्थित अपने मायका जा रही है।



ANCHAL PLAYWOOD EMPORIUM

DEALS IN:
COMMERCIAL PLAYWOOD, WATER PROOF PLAYWOOD, TEEK PLAYWOOD, PARTICLE BOOD. M.D.F SUNMICA
SATISH BANSAL
9899786284
989176284


A-205, WHS TIMBER MARKET KIRTI NAGAR, NEW DELHI-15



WELCOME TO THE
Metro WORLD
AAPKE SWAAD AUR SEHAT KA RAKHE POORA DHYAAN... !!
Bhagwan Dass & Co
GSTIN: 07AAFPA8352E1Z1
Deals in all kinds of Pressure Cookers, Thermowares, SS Casseroles, Electrical Appliances, LPG Stoves, Non-Stick & Hard Anodized Cookwares
Address : 4759 Deputy Gunj, Sadar Bazar, Delhi - 110006
Mb : 93108-44445, 7-99999-666-2, 93122-44445, 0112-363-2899
Website : kunal9agg.wixsite.com/metrocookers
Bank Details:
Kotak Mahindra Bank: 0711364149 / IFSC Code: KKBK0000207
AU Small Finan Bank: 1921210323810933 / IFSC Code : AUBL0002103




Aishanya
Aesthetic Centre
Skin/Cosmatic/Hair/Laser Treatment

Unwanted Hair Gone Forever
with the world's leading
Laser Technology

Rhinoplasty Surgery


Hair-Loss
Painless Process
Acne/Scars/Pigmentation Removal
With World Best Derma Technology
Rhinoplasty & Fillers Expert
Face Fillers

Breast Augmentation
Non-Surgical
Dr. Saloni Sinha
M.B.B.S, M.S.(ENT), F.A.M.
Rhinoplasty Expert
DMC No. 57646
Fat Reduction
Surgical
Non-surgical

For Book Appointment Call 7836863883
A2/108, Prabhu Specialist Clinic, Room No.1, Major Deepak Tyagi Marg, Janakpuri Delhi-58

# इस करवा चौथ बीवी से करें प्यार तो गिफ्ट से कैसे इनकार, पत्नि को दे शानदार तोहफा



**करवा** चौथ का त्योहार आने वाला ही ऐसे में सुहागिन महिलाओं ने तैयारियां शुरु कर दी होगी। वैसे तो पति-पत्नी के रिश्ते में छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखना जरुरी है। पति-पत्नी को एक दूसरे की खुशी के लिए कुछ न कुछ स्पेशल करते रहना चाहिए। पति चाहे सालभर में अपनी बीवी को तोहफा न दे लेकिन करवा चौथ के खास मौके पर गिफ्ट जरुर देना चाहिए। अगर आप भी कंफ्यूज है कि पत्नी को गिफ्ट में क्या दें, तो हम इस आर्टिकल में आपको बताएंगे कुछ बेस्ट गिफ्ट आईडियाज जो आपकी पत्नी देखकर खुश हो जाएगी।

**जूलरी गिफ्ट करें**

इस करवा चौथ अपनी पत्नी को जूलरी गिफ्ट करें। हर महिला को गहने पहनने का काफी शौक होता है। महिलाओं को शौक होता है अलग-अलग तरह के गहने पहनने का, ऐसे में करवाचौथ पर आप उन्हें गोल्ड, चांदी या फिर डायमंड की जूलरी गिफ्ट कर सकते हैं।

**फिटनेस वॉच**

अगर आपकी वाइफ ने हाल में फिटनेस जर्नी चालू की है तो उन्हें एक बेहतरीन फिटनेस वॉच दे सकते हैं। यह गिफ्ट उनके काफी काम आने वाला है। बाजार में कई तरह की फिटनेस वॉच मिल जाएगी, अगर आप चाहें तो ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।

**प्रीमियम मेकअप प्रोडरक्ट**

सोलह श्रृंगार महिलाओं का गहना होता है। ऐसे में आप अपनी वाइफ को कुछ प्रीमियम मेकअप प्रोडक्ट दे सकते हैं। आपकी पत्नि की विशलिस्ट की गई कोई आईटम गिफ्ट में दे सकते हैं।

**नया फोन**

आप करवा चौथ पर न्यूली लॉन्च फोन भी गिफ्ट कर सकते हैं। इसे देखकर यकीनन उनके चेहरे पर मुस्कान आ ही जाएगी।

# फेस्टिवल सीजन में फ्लॉलेस मेकअप लुक के लिए फॉलो करें ये टिप्स

परफेक्ट मेकअप लुक एक सहज और बहतरीन फिनिश प्राप्त करता है जो आपके आत्मविश्वास और सुंदर महसूस कराता है। हालांकि, फ्लॉलेस मेकअप लुक पाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि आप सही तकनीक नहीं जानते हैं या सही उत्पादों का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन अब चिंता मत करो! यहां आपके फ्लॉलेस मेकअप लुक को निखारने के लिए कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं। वहीं महिलाएं मेकअप का चुनाव करते समय कपड़ो के साथ-साथ स्किन का विशेष ख्याल रखें।



**फेयर स्किन के लिए मेकअप टिप्स:** फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं को वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन सलेक्ट करना चाहिए। अगर आपका कॉम्प्लेक्शन यालोइश है तो आप वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकते है। फेयर स्किन पर आइब्रो के लिए ब्लैक की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल ज्यादा बेहतर है। ब्लैक आईलाइनर के साथ ब्राउन आईशैडो का इस्तेमाल करें। फेयर स्किन टोन वालों को गालों पर पिंक या रेज ब्लश का इस्तेमाल करना चाहिए। लाइट मेकअप पर पिंक या न्यूड लिपिस्टिक लगाएं।

**डस्की स्किन के लिए मेकअप टिप्स:** डस्की स्किन वाली लड़कियों को वर्म टोन वाला फाउंडेशन चूज करना चाहिए। कंसीलर के लिए केरेमल शेड ले सकती है, डार्क सर्कल छुपाने के लिए सही ढंग से कंसीलर का प्रयोग करें। फाउंडेशन को ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड करें। डस्की स्किन वाले लोग आंखों के लिए ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करें, इससे आपकी हाइलाइट अच्छे से होगी। डस्की स्किन के लिए रेड, कॉफी ब्राउन और मूव कलर की लिपिस्टिक बढ़िया लगेगी।

**सांवली स्किन के लिए मेकअप टिप्स:** सांवली स्किन टोन वाली महिलाओं को ब्राउनिश शेड का फाउंडेशन का उपयोग करना चाहिए। सावले रंग पर ब्राउन रंग का ब्लश खूबसूरत लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर पाउडर का इस्तेमाल करें। आई मेकअप के लिए लाइट कलर यूज करें। स्मोकी आई लुक के लिए आप ब्लैक आईलाइनर को स्मज करके लगाएं और फिर हल्के ब्राउन रंग का आईशैडो लगाएं। सांवले रंग पर लिपिस्टिक के न्यूड शेड्स काफी परफेक्ट लगते हैं।

BDS since 1975
MATTRESS HI MATTRESS
Hush,
Serta,
Kingkoil,
Simmons
Nilkamal,
Therapedic

World Class Mattresses
BDS
Ms. Parvinder Kaur
# 9560509507
Visit: 79/3, W.H.S. Kirti Nagar, Delhi - 110015

# एरॉन जोंस की तूफानी पारी से सेंट लूसिया ने जीता खिताब, फाइनल में गयाना को 6 विकेट से हरा पहली बार बनी चैंपियन



**नई दिल्ली।** अमेरिका के लिए टी20 वर्ल्ड कप-2024 में दमदार बल्लेबाज करने वाले एरॉन जोंस ने एक बार फिर अपने बल्ले का दम दिखाया और टीम को खिताब दिलाया है। जोंस की तूफानी पारी की बदौलत सेंट लूसिया किंग्स कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में इस टीम ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को मात दी।

गयाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 138 रन बनाए थे। सेंट लूसिया ने चार विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। जोंस और रोस्टन चेज ने मुश्किल हालात में साझेदारी कर टीम को खिताबी जीत दिलाई। 139 रनों के टारगेट के पीछा करने उतरी सेंट लूसिया की टीम को धीमी शुरुआत मिली। चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर उसको जब पहला झटका लगा तब उसका स्कोर 23 रन ही था। जॉन्सन चार्ल्स को रोमारियो शेफर्ट ने सात रनों के निजी स्कोर पर आउट कर दिया था। कप्तान फाफ डु प्लेसी 21 रनों से आगे अपनी पारी नहीं ले जा सके। उनका शिकार मोइन अली ने किया। एकीम अगुस्ते (13) और टिम सेइफर्ट (3) जल्दी पवेलियन लौट गए। यहां टीम पर हार का संकट मंडरा रहा था। यहां चेज और जोंस ने टीम को संभाला और 88 रनों की साझेदारी कर खिताबी जीत की इबारत लिख डाली। जोंस 31 गेंदों पर दो चौके और चार छक्कों की मदद से 48 रन बनाकर नाबाद रहे। वह अपना अर्धशतक पूरा नहीं कर सके। चेज ने 22 गेंदों पर दो चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रनों की पारी खेली।

इससे पहले, अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद की अगुवाई में सेंट लूसिया के गेंदबाजों ने दमदार खेल दिखाया और गयाना को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया। गयाना की तरफ से कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं लगा सका। टीम के लिए सबसे ज्यादा 25 पन ड्वेन प्रीटोरियस ने बनाए। शाई होप ने 22 रनों की पारी खेली।

सेंट लूसिया की तरफ से नूर ने तीन चार ओवरों में सिर्फ 19 रन दिए और तीन विकेट लिए। उनके अलावा खैरी पिएर, मैथ्यू फोर्ड, अल्जारी जोसेफ, चेज और डेविड विजे ने एक-एक विकेट लिए।

# पाकिस्तान का दौरा करेगी भारतीय टीम! पीसीबी चेयरमैन को है भरोसा




**नई दिल्ली।** अगले साल (2025) में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान के पास है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने को लेकर पहले ही बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इनकार किया है।

भारत के पाकिस्तान दौरा नहीं करने को ध्यान में रखते हुए उम्मीद कि जा रही है कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में ही खेला जाएगा।

वहीं, हाल ही में जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद टूर्नामेंट के हाइब्रिड मॉडल अपनाने को लेकर काफी चर्चा तो है, लेकिन इस बीच पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एक बयान दिया है। पीसीबी को पूरा भरोसा है कि भारत समेत सभी टीमें पाकिस्तान का दौरा करेगी।

दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनावों के साथ ही क्रिकेट संबंधों में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। साल 2008 के बाद से भारतीय टीम ने पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है, जबकि पाकिस्तान की टीम कई बार भारत दौरे पर आई है, जिसमें 2016 का टी20 विश्व कप और 2023 का वनडे विश्व कप शामिल है।

इससे पहले एशिया कप 2023 में भी टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन यह टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल के तौर पर खेला गया। पाकिस्तान- श्रीलंका में एशिया कप के मैच हुए। ऐसे में चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल के आधार पर हो सकती है। इस कड़ी में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को लाहौर में लोकल रिपोर्ट्स से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय टीम मुझे पूरी उम्मीद है... अभी तक कोई ऐसी चीज नहीं है जिसकी वजह से वह पोस्टपोन करें या कैंसल करें, तो सारी टीमें पाकिस्तान आएगी।

बता दें कि चैंपियंस ट्रॉफी पिछली बार 2017 में हुई थी, जब पाकिस्तान विजेता बना था। फाइनल में उसने भारत को हराया था।

## हार्दिक पांड्या का नो लुक शॉट हुआ वायरल




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। हार्दिक पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छक्का मार भारत को जीत दिलाई। अपनी पारी के दौरान पांड्या ने एक अद्भुत शॉट खेला जिसे नो लुक शॉट कहा जाता है। यानी जब बल्लेबाज गेंद को मारने के बाद देखे नहीं। पांड्या के इस शॉट पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

पांड्या ने भारतीय पारी के 12वें ओवर में तस्कीन अहमद की गेंद पर ये शॉट खेला। जीत के लिए टीम इंडिया को सिर्फ नौ रनों की जरूरत थी। तीसरी गेंद तस्कीन ने थोड़ी छोटी फेंकी जो पांड्या की कमर से थोड़ी ऊपर थी। पांड्या ने इसे बल्ले के इशारे भर से विकेटकीपर के सिर के ऊपर से बाउंड्री पार भेज दिया और गेंद की तरफ देखा भी नहीं। पांड्या के इस शॉट की धूम मची हुई है। फैंस उनके इस अंदाज के दीवाने हो गए हैं और सोशल मीडिया पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने इस शॉट की फोटो अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, हमारे पास शब्द नहीं हैं।

वहीं एक यूजर ने एक्स पर लिखा, क्या मेजरमेंट है, क्या शॉट है। बॉलर सोच रहा है कि क्या हार्दिक मैं तुम्हारा दिमाग ले सकता हूं। इस शॉट को खेलने के बाद पांड्या का जो रिएक्शन था वो भी जमकर वायरल हो रहा है। शॉट खेलने के बाद वह अपनी क्रीज पर भी खड़े रहे और चुइंग गम चबाते हुए गेंदबाज की तरफ देखते रहे।

# धोनी स्टाइल में मैच जिताकर हार्दिक पांड्या ने कोहली को छोड़ा पीछे




**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या ने ग्वालियर में खेले गए पहले टी20 मैच में बांग्लादेश के खिलाफ तूफानी पारी खेल टीम इंडिया को जीत दिलाई। पहला मैच जीत भारत तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। पांड्या ने नाबाद 39 रनों की पारी खेली और एमएस धोनी की स्टाइल में छक्के से भारत को जीत दिलाई। इसी के साथ पांड्या ने विराट कोहली को पीछे कर दिया है।

बांग्लादेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन बनाए। टीम इंडिया ने ये लक्ष्य 11.5 ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। पांड्या ने अपनी नाबाद पारी में सिर्फ 16 गेंदों का सामना किया जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं।

पांड्या ने जो दो छक्के मारे उसमें से आखिरी छक्का मैच विजयी छक्का था। 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर पांड्या ने तस्कीन अहमद को छक्का मारा और मैच भारत की झोली में डाल दिया। धोनी अक्सर भारत को छक्का मारकर जीत दिलाते थे, पांड्या ने भी वही काम किया और विराट कोहली को पीछे कर दिया।

पांड्या अब छक्के से मैच खत्म करने के मामले में भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांच बार छक्का मार भारत को जीत दिलाई है। पहले कोहली और पांड्या दोनों संयुक्त रूप से नंबर-1 पर थे। कोहली ने चार मैचों में छक्का मार भारत को जीत दिलाई। अब वह टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह चुके हैं।

इस मामले में एमएस धोनी और ऋषभ पंत संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं। दोनों ने तीन मैच छक्का मारकर जिताए हैं। देखा जाए तो पंत, इस मामले में पांड्या को पीछे छोड़ सकते हैं। क्योंकि कोहली और धोनी दोनों ही अब टी20 इंटरनेशनल नहीं खेलते हैं सिर्फ पंत खेलते हैं। अब दोनों के बीच में नंबर-1 की जंग होगी।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस मैच में टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने दमदार खेल दिखाते हुए बांग्लादेश को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया। बांग्लादेश की टीम 19.5 ओवरों में 127 रनों पर ही ढेर हो गई। उसके लिए मेहेदी हसन मिराज ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। वह नाबाद रहे। भारत की तरफ से वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए।

भारत ने 11.5 ओवरों में तीन विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। पांड्या के 39 रनों के अलावा भारत के लिए संजू सैमसन और कप्तान सूर्यकुमार ने 29-29 रनों की पारी खेली।

# पांच सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में रिया चक्रवर्ती

**दिल्ली** पुलिस ने ऐप के जरिए 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, 'कॉमेडियन' भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया को नोटिस जारी कर जांच में शामिल होने के लिए कहा है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि उसने एक मोबाइल एप्लीकेशन 'हाइबॉक्स' से जुड़े घोटाले का भंडाफोड़ किया है। इस ऐप के जरिए कथित तौर पर लोगों को अधिक मुनाफा देने का वादा करके निवेश करने को कहा जाता था।

शिकायतों के अनुसार, सोशल मीडिया पर 'इंफ्लुएंसर्स' और 'यूट्यूबर्स' भारती सिंह, हर्ष लिम्बाचिया, लक्ष्य चौधरी, आदर्श सिंह, सौरव जोशी, अभिषेक मल्हान, पूरव झा, एल्विश यादव, अमित और दिलराज सिंह रावत समेत नौ लोगों पर ऐप का प्रचार करने और इसमें निवेश करने का लालच देकर लोगों को ठगने का आरोप है।

मामले की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि रिया चक्रवर्ती भी उन लोगों में शामिल थीं, जिन्होंने ऐप का प्रचार किया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस' (आईएफएसओ) इकाई ने रिया, भारती और लिम्बाचिया को अगले सप्ताह जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा है।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को अभिषेक मल्हान, एल्विश यादव, लक्ष्य चौधरी और पूरव झा को तलब किया था, लेकिन कोई भी जांच में शामिल नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को 500 से अधिक शिकायतें मिली हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई सोशल मीडिया मंचों पर प्रभावशाली लोगों और यूट्यूबर्स ने'हाइबॉक्स' मोबाइल ऐप का प्रचार किया और लोगों को ऐप के माध्यम से निवेश करने के लिए लुभाया।

# जब रितेश देशमुख ने जेनेलिया से कर लिया था रिश्ता खत्म, एक्ट्रेस ने किया खुलासा



**बॉलीवुड** इंडस्ट्री के सबसे प्यारे कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा को अपनी मैरिड लाइफ को लेकर काफी चर्चाओं में रहते हैं। इन दोनों कपल का प्यार एकदम क्यूटनेस भरा हुआ है। बॉलीवुड की इस जोड़े को इनके फैंस भी काफी पसंद करते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा श्रेया गोधावत के यूट्यूब चैनल पर काफी खुलासा किया है। जेनेलिया ने बताया कि, कैसे रितेश ने उनके साथ मजाक किया था। जानें क्या प्रैंक रितेश ने जेनेलिया के साथ किया था।

जेनेलिया डिसूजा श्रेया गोधावत के यूट्यूब चैनल पर काफी खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि, 'जब हम एक दूसरे को डेट कर रहे थे, वो अप्रैल फूल का दिन था'। रितेश ने मुझे मैसेज किया, जिसमें लिखा था- 'हमारा रिश्ता अब खत्म'।

जेनेलिया ने आगे बताया कि, रितेश मुझे मैसेज भेजने के बाद सोने चले गए थे। वो बहुत देर से सोता था और मैं जल्दी सो जाती थी। रितेश ने जेनेलिया को रात के करीब 1 बजे ये मैसेज भेजा और सो गया। 'जब मैनें यह मैसेज रात को ढाई बजे पढ़ा और मैं डिप्रेशन जैसी स्थिति में चली गई।' एक्ट्रेस ने आगे बताया कि, 'मैं सुबह 9 बजे तक गम में थी। वो जागा, पर उसे याद नहीं था कि उसने ऐसा किया है।' इसके बाद रितेश ने मुझे फोन किया, पर मैंने कहा कि मुझे कोई बात नहीं करनी है।'













स्वामिधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सुषमा शर्मा द्वारा दिव्य ऑफसेट प्रिंटर्स, बी-1422 दुर्गा मंदिर, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली-110096 से मुद्रित कराकर बी-5/184, रोहिणी सेक्टर-11 नई दिल्ली से प्रकाशित।
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के उत्तरदायी। RNI No. DELHIN/2013/48040, संपर्क 8826286868